तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 20 दिसंबर 2023

12 पशु प्रजनन शिविर सह जागरूकता कार्यशाला ...



13 भवन की छत और दीवारों पर उग आए दर्जनों पेड़





## खबर संक्षेप

### महिला कृषकों ने ली शपथ, की सफाई

**कांकेर।** स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में 19 दिसबंर को स्वच्छता की शपथ ली गई। केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्राम सिंगारभाठ तथा पथर्री की महिला कृषक सम्मिलित हुईं। स्वच्छता शपथ लेने के पश्चात प्रक्षेत्र की साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

### चारामा में लगेगा 21 को आयुष स्वास्थ्य मेला

**चारामा।** विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 21 दिसम्बर को 10 से 5 बजे तक बाजार स्थल चारामा में किया जा रहा है। मेला में चिकित्सा, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का उपचार के लिए अधिक अधिक संख्या में आने की अपील किया है। स्वास्थ्य मेला के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवाग, प्रकाश जोतवानी, उमादेवी शर्मा, केशर नागवंशी, अंजु सोनकर, नंद किशोर व अन्य लोग उपस्थित रहेंगे।

### डुवा में डीजे डांस प्रतियोगिता 31 को

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत तरहुल के आश्रित ग्राम डुवा में 31 दिसंबर को आदिवासी युवा संगठन ग्राम डुवा द्वारा डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। स्पर्धा में सामूहिक वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5 हजार 1 रुपए आदिवासी युवा संगठन के द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 25 सौ 1 रुपए, तृतीय पुरस्कार 15 सौ 1 रुपए, युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2 हजार 1 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 15 सौ 1 रुपए, तृतीय पुरस्कार 1 हजार 1 रुपए, एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 15 सौ 1 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1 हजार 1 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5 सौ 1 रूपए दिया जाएगा।

### अमोडा में तीन दिवसीय मानस गान महोत्सव 1 जनवरी से

**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम अमोडा में राज्य स्तरीय मानस गान महोत्सव का 21वां वर्ष 1 जनवरी से 3 जनवरी 2024 तक समस्त ग्रामवासी, कर्मचारी, अधिकारी, ग्राम अमोडा एवं कोरामपारा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया है कि ग्राम अमोडा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय तीन दिवसीय मानस गान महोत्सव का आयोजन ग्रामीणों, अधिकारी, कर्मचारी व व्यापारियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया गया है। मानस गान सम्मेलन में राज्य के अलग अलग स्थान से प्रतिदिन मानस मंडली का कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के रायपुर, धमतरी, कांकेर, महासमुंद, बालोद, मानपुर, नगरी, राजिम, बाखारा, अंबागढ़ चौकी, कुरूद सहित अन्य स्थानों से कार्यक्रम में मंडली शामिल होंगे।

# जर्जर सड़कों के मरम्मत में जुटा पीडब्ल्यूडी, बारिश और बाढ़ से हो गई थी खराब

## बस्तर संभाग अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें हुई थी जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बारिश एवं बाढ़ से बस्तर संभाग के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सड़कें एवं पुल, पुलियों का पहुंच मार्ग जर्जर हो हुए थे। सड़क में वाहन तो दूर पैदल चलना ही मुश्किल हो गया था, लोंगों की सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग ने सर्वे कर मरम्मत कार्य में जुट गए हैं। संभाग के सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र के आवापल्ली, जगरगुंडा, उसूर, इलमिड़ी, चिंतलनार, मरईगुड़ा, मददेड़ आदि सड़कें बारिश एवं बाढ़ से जर्जर हो गई थी। पहले ही बारिश में ही सड़क उखड़ गई, जहां वाहन तो दूर पैदल चलना ही मुश्किल हो गया था। इससे ग्रामीणों की सुविधा के लिए विभाग के मुख्य अभियंता के निर्देश पर जर्जर सड़कों का एसडीओ, उपयंत्री ने सर्वे किया। उसके बाद विभाग ऐसे खराब एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत कार्य शुरू कर दिया, जो शीघ्र ही पूरा हो जाएगा। मरम्मत से ग्रामीणों को जाने-आने में राहत मिल रही है।



### मरम्मत कार्य पूरा करें

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने इस संबंध में क्षेत्र के कार्यपालन अभियंताओं को निर्देश दिया कि बारिश एवं बाढ़ से जर्जर एवं खराब सड़कों की मरम्मत शीघ्र ही पूरा करें। जिससे ग्रामीण आवागमन के लायक हो सके।

## एडीजी नक्सल आपरेशन विवेकानंद सिन्हा ने संयुक्त बैठक में की समीक्षा

# और बेहतर बनाएंगे नक्सल अभियान की रणनीति, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पुलिस के अलावा आईटीबीपी, बीएसएफ व सीआरपीएफ के अधिकारी हुए शामिल

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल अभियान विवेकानंद सिन्हा द्वारा नक्सलियों के खिलाफ आने वाले दिनों में चलाए जाने वाले आपरेशन की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिया गया। एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे एडीजी सिन्हा द्वारा नारायणपुर व सुकमा में पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के अधिकारियों की बैठक ली गई।

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि एडीजी नक्सल अभियान द्वारा नक्सल अभियान के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई। सोमवार को नारायणपुर में आयोजित समीक्षा व समन्वय बैठक में एडीजी विवेकानंद सिन्हा के अलावा आईजी बस्तर सुंदरराज पी, आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार, डीआईजी कार्केर रेंज बालाजी राव, एसपी कार्केर दिव्यांग पटेल, एसपी नारायणपुर पुष्कर शर्मा के अलावा आईटीबीपी व बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

आईजी ने बताया कि आगामी दिनों में दूरस्थ व संवेदनशील क्षेत्रों में बेहतर तालमेल के साथ संयुक्त रूप से नक्सल विरोधी अभियान को संपादित करने यह संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें नक्सल अभियान को आगामी समय में और बेहतर रणनीति के साथ अभियान संचालित करने आवश्यक दिशा-निर्देश ओर मार्गदर्शन किया गया। बैठक में आगामी समय में नक्सल विरोधी अभियान पर प्रभावी कार्यवाही व नियंत्रण तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर हुई व्यापक चर्चा की गई।



### बेदरे पहुंच एडीजी ने मुठभेड़ की ली जानकारी

जिला नारायणपुर में भ्रमण से पूर्व एडीजी नक्सल अभियान विवेकानंद सिन्हा, आईजी सुंदरराज पी, आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुकमा जिले के बेदरे सीआरपीएफ कैम्प पहुंचे और अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान हाल ही में हुए मुठभेड़ के सबंधं में पुलिस के अलावा सीआरपीएफ व कोबरा के अधिकारियों से चर्चा की। मुठभेड़ में शामिल जवानों से रूबरू होकर अभियान की समीक्षा की गई।

### बीजापुर मुठभेड़ के बाद बीजीएल बरामद

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि 19 दिसम्बर को बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र स्थित ग्राम चिन्नागेल्लूर के जंगलो में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ हुई। एरिया डॉमिनेशन के लिए सीआरपीएफ 153 बटालियन व एसटीएफ की सयुंक्त टीम निकली थी। पुलिस टीम पर नक्सलियों की ओर से हमला किया गया जिसका सुरक्षा बलों ने बहादुरी से जवाब देते हुए फायरिंग की जिसके बाद माओवादी जंगल का आड़ लेकर भागने में सफल रहे। मुठभेड़ के बाद मौके से माओवादियों द्वारा उपयोग की गई 5 नग बीजीएल (बेरल ग्रेनेड लांचर सेल) व कारतूस सर्चिंग के दौरान बरामद किया गया। सीआरपीएफ व एसटीएफ की टीम द्वारा इलाके की सर्चिंग की जा रही है।

# यात्री बसों का अग्निशमन यंत्र खराब, 18 पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दुर्घटना की आशंका बढ़ी

बस्तर संभागीय मुख्यालय से रायपुर, कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, भोपालपटनम, विशाखापटनम, उड़ीसा जाने वाले लगभग 250 यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब है। जिससे यात्रियों को बस में आग दुर्घटना होने की संभावना बढ़ी। इस पर सभी सड़कों में परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की ओर से चल रही यात्री बसों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान टीम को लगभग 18 यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब मिले, जिस पर टीम ने जुर्माना की कार्रवाई की। उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की ओर से सड़कों में यात्री बसों की जांच की सूचना मिलते ही चालक दूसरे रोड से भाग रहे और कुछ चालकों ने बहाना कर जांच से पूर्व की बस को रोके रखा।

### गंतव्य में पहुंचने हो रही परेशानी

जांच के दौरान तय सीट से अधिक यात्री रखने से भी उड़नदस्ता टीम ने कार्रवाई की। यात्रियों ने बताया कि बस मालिकों एवं चालकों की मनमानी से जांच के दौरान बस को रोका जा रहा है, जिससे उन्हें समय पर गंतव्य में पहुंचने परेशानी हो रही है।

### यात्री बसों की हो रही जांच

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक एसके झा ने बताया कि यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब होने से आग दुर्घटना की संभावना बढ़ने से जांच की जा रही है। सड़क में चल रही वाहनें से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

इसके चलते ट्रेन के यात्रियों को समय से बस रायपुर नहीं पहुंच सके, जिससे बस चालकों के साथ विवाद किया।


# बागोड़ के जंगल में मिला मजदूर का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए लाया जिला मुख्यालय

चार दिनों से घर से गायब मजदूर का शव 19 दिसंबबर को लारगांव मरकाटोला के सरहद बागोड़ के जंगल में मिला। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पीएम के लिए कांकेर लाया गया। शव का पीएम 20 दिसंबर को होगा, उसके बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा।

जानकारी के अनुसार लारगांव मरकाटोला निवासी 28 वर्षीय विजय कुंजाम पित मानसिंग कुंजाम ने पुलिस को बताया कि मृतक लारगांव मरकाटोला निवासी 50 वर्षीय मान सिंग कुंजाम पिता स्व. हीर सिंग मजदूरी का पैसा लेने के लिए साल्हेटोला जाने की बात कहकर चार दिन पहले 15 दिसंबर को घर से निकला था। देर शाम तक घर वापिस नहीं आया तो परिजनो ने आसपास व अन्य रिश्तेदारों के यहाँ पता तलाश किया। मृतक का किसी प्रकार का कोई जानकारी नहीं मिली। चार दिन बाद 19 दिसंबर को मानसिंग कुंजाम का शव ग्राम बागोड़ के जंगल में मिला। शव जहाँ मिला, यह इलाका लारगाँव मरकाटोला और बागोड़ गाँव का सरहद है। मौत की वजह अभी स्पष्ट नही हो पाई है। मृतक के शरीर में किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं है और घटनास्थल से भी पुलिस को कोई भी सबूत नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा किया और शव का पीएम करवाने के लिए मरचुरी में रखा गया है।



# रमन्ना की याद में बने स्मारक ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

सुकमा जिला के कोण्टा विकास खंड के किस्टारम थाना क्षेत्र के सालातोंग गांव में सुरक्षा बल के नवीन कैंप खोलने के बाद उस एरिया का खाक छानते हुए सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने सोमवार को एएसपी नक्सल ऑपरेशन प्रभात कुमार, एएसपी कोंटा गौरव मंडल तथा आला अधिकारियों की उपस्थिति एवं आईजी सुन्दरराज पी, एसपी किरण चव्हाण के मार्ग-दर्शन में नक्सलियों के स्मारक को ध्वस्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के कोर एरिया में खोले गए नवीन कैंप सालातोंग में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, जिला बल, सीआरपीएफ, कोबरा बलों के संयुक्त दलों द्वारा एरिया सर्चिंग के दौरान सालातोंग में स्थापित नक्सल स्मारक को ध्वस्त कर दिया गया। नक्सलियों द्वारा अपने नक्सल संगठन के प्रभाव को बढ़ाने एवं रमन्ना की याद में बनाए गए इस विशाल स्मारक को कोर एरिया में स्थापित किया गया था।



# बैठक में तीन भाजपाइयों को निष्कासित करने प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- समीक्षा बैठक में प्रत्याशी और पार्टी के खिलाफ काम करने का आरोप

बस्तर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मनीराम कश्यप लगभग साढ़े 6 हजार वोट से हार गए थे। उन्हें तीसरी बार चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के लखेश्वर बघेल ने हराया था। परिणाम आने के बाद से ही पार्टी विरोधी काम करने के आरोप कुछ नेताओं पर लग रहे थे। बस्तर विधानसभा सीट के सहचुनाव प्रभारी रहे बनमाली मौर्य ने समीक्षा बैठक की मांग की थी। उन्होंने भीतरघात का आरोप भी लगाया था। इस संबंध में 18 दिसंबर को करपावंड और बकावंड मंडल की संयुक्त समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रत्याशी मनीराम कश्यप, पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप, मंडल अध्यक्ष समेत अनेक नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे। मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय 3 नेताओं जितेन्द्र पानीग्राही, अशोक सिंह राणा और शंकरलाल भारती को निष्कासित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

### प्रस्ताव मिला नहीं है

मंडल स्तर पर हुई समीक्षा बैठक में किसी तरह के प्रस्ताव पारित करने की कोई जानकारी जिला को नहीं मिली है। यदि ऐसा कोई प्रस्ताव निष्कासन से संबंधित प्राप्त होगा तो उस पर विचार कर सामने वाले से जवाब मांगा जाएगा और फिर प्रदेश को भेजा जाएगा। मंडल अथवा जिला को निलंबित करने का अधिकार नहीं है। हमारे प्रस्ताव पर प्रदेश की अनुशासन समिति कार्रवाई करती है।

**-रूपसिंह मंडावी,** जिला अध्यक्ष भाजपा

## आकांक्षी विकासखंड के सूचकांकों के तहत शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं तेजी

# जनचौपाल, जन शिकायत के प्रकरणों को प्राथमिकता से करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने समय सीमा की बैठक में कहा कि जनचौपाल, जन शिकायत के प्रकरणों को सभी विभाग के अधिकारी प्राथमिकता से निराकरण करें। कलेक्टर ने बस्तर जिले के आकांक्षी विकासखंड तोकापाल में संचालित कार्यों और आकांक्षी विकासखंड के सूचकांकों के तहत विभागों द्वारा की जा रही कार्यों की समीक्षा करते शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा धान उपार्जन केन्द्रों में धान का उठाव और चावल जमा करने की स्थिति का भी समीक्षा किए। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों के नोडल अधिकारियों से बारदाने की स्थिति, समितियों का बफर लिमिट का आंकलन कर धान का उठाव व डीओ कटने की भी संज्ञान लिए। साथ में उपार्जन केन्द्रवार समीक्षा करते हुए छोटे किसानों के धान को प्राथमिकता से खरीदी करवाने कहा।

कलेक्टर ने बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती (25 दिसंबर) पर सुशासन दिवस, सुशासन स्वच्छता सप्ताह आयोजन और तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने समय सीमा के प्रकरणों की समीक्षा की संबंधित विभाग के अधिकारी को निराकरण के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लंबित ई-केवायसी प्रकरणों निराकरण करने और किसान क्रेडिट कार्ड तैयार करने के कार्यों में आवश्यक तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा समय सीमा विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना की प्रगति, एनआरएलएम बैंक लिंकेज की स्थिति, बैंक सखी के द्वारा पैसा ट्रांजेक्शन, अर्बन पीएचसी में ओपीडी की स्थिति, विकासखंड वार उचित मूल्य की दुकानों में ई पॉश मशीन के माध्यम से ई केवायसी की प्रगति, जाति प्रमाण पत्र की प्रगति, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण और विशेष केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर विजय ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर में विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने को कहा। साथ ही शिविर में प्राप्त हो रहे आवेदनों का निराकरण हेतु नोडल अधिकारी के माध्यम से करवाने पर चर्चा की गई। बैठक में सूचना के अधिकार का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय हॉकी के लिए हिमांशी का चयन

**धमतरी।** पूर्व माध्यमिक शाला सलोनी की छात्रा कुमारी हिमांशी नेताम का 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में छत्तीसगढ़ बालिका हॉकी टीम के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता ग्वालियर में 28 दिसम्बर से 1 जनवरी तक आयोजित होगी। इससे पहले वह रायपुर में 24 से 26 दिसम्बर तक कैंप में भाग लेगी। तत्पश्चात वहां से राष्ट्रीय स्तर हॉकी प्रतियोगिता के लिए ग्वालियर के लिए रवाना होंगी। इस उपलब्धि पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता ध्रुव, भाजपा नेता वामनदेव साहू, जनपद सदस्य शैलेंद्र साहू, सरपंच नरेश दीवान, संस्था के प्रधानपाठक जेआर नेताम, शिक्षक नटवरलाल कन्नौजे, भूपेंद्र कुमार धुर्वे, श्रीमती मीना सांभाकर, रविशंकर साहू ने शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी कोच हेमलाल सिंह सिन्हा ने दी है।

### कांग्रेस कार्यकाल में सक्षम हुए किसान : गिरेश

**मगरलोड।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद अब लोगों की निगाहें उनके द्वारा दिए गए वादे एवं घोषणाओं पर टिकी हुई हैं। प्रति एकड़ 21 क्विंटल और 3100 रुपये में धान की खरीदी कब होगी। इसे लेकर किसान असमंजस में है। यह बातें ग्राम पंचायत खिसोरा के सरपंच गिरेश साहू ने कही है। श्री साहू ने आगे कहा कि भूपेश कार्यकाल में किसान खुशहाल व समृद्ध हुए। लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार आते ही किसानों की परेशानी शुरू हो गई। भाजपा की सरकार बने पखवाड़ा बीत गया लेकिन 21 क्विंटल धान खरीदी व 3100 रूपए समर्थन मूल्य देने के वादे पर अमल शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने आगे कहा कि यदि सरकार बनते ही इस वादे पर अमल होता तो आज नारायणपुर जिले के कुकड़ाझोर का गरीब किसान आत्महत्या नहीं करता।

### रासेयो छात्रों ने ग्रामीणों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं प्रो. निरंजन कुमार कार्यक्रम अधिकारी व प्रो. आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम लिमतरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आसोजन किया गया है। पंचम दिवस स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत सांस्कृतिक कलामंच, रामकोठी पारा, प्राथमिक स्कूल, यादव पारा, कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सांहड़ा चौक, रामसागरपारा, इमलीपारा की नालियों की सफाई की गई। इस कार्य से ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरणा मिली और ग्रामीणों ने भी स्वच्छता कार्य में सहयोग किया। बौद्धिक परिचर्चा के मुख्य अतिथि उप जिलाधीश तेजपाल ध्रुव, बाल विकास अधिकारी सोमेन्द्र साहू एवं परियोजना अधिकारी सुमित ध्रुव थे।

# पूर्व सैनिक परिषद ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

16 दिसंबर को भारत माँ प्रतिमा के समक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वाधान में विजय दिवस बहुत ही गर्व के साथ मनाया गया सर्वप्रथम थाना प्रभारी प्रहलाद यादव, यातायात प्रभारी ज्ञानेन्द्र चौहान एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों ने भारत माता की छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात वीर शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर अमर बलिदानों को याद किया गया तत्पश्चात विजय दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि 16 दिसंबर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के कारण मनाया जाता है। इस युद्ध के अंत के बाद 93000 पाकिस्तान सेना ने आत्म



समर्पण कर दिया था। साल 1971 के युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को आत्मसमर्पण करने को मजबूर कर दिया जिसके बाद पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र हो गया जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। यह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के हृदय में उमंग पैदा करने वाला साबित हुआ स इसके बाद सभी वीर शहीद जवानों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया। इसके बाद भारत माता की जय और वंदे मातरम की जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज कुमार यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, मीडिया प्रभारी कमलेश्वर धुरव, मार्गदर्शक पूर्व सैनिक उत्पल बोस, बीडी एन सिंह, परदेसी राम, अमृत लाल देवांगन, एलएन सोनकर सेवारत सैनिक उमेंद्र मरकाम, घिना राम, सोहन, चौतू राम और पुन्नीलाल मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने विस चुनाव के हार की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




कोंडागांव 2023 विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस पार्टी को सम्पूर्ण प्रदेश मे करारी हार का सामना करना पड़ा है जो की अप्रत्याशीत था टीवी चैनल से लेकर सभी प्रकार की सर्वे अनुसार छत्तीसगढ़ मे पुनः कांग्रेस की सरकार स्थापित हो रही थी परन्तु किन कारणों से हार हुई इसे जानने व आगामी चुनावों मे उन गलतियों को दूर कर सकें इसी उद्देश्य से कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र 83 के सभी पोलिंग बूथ अध्यक्ष से लेकर सेक्टर मंडल ब्लॉक जिला स्तर के सभी पदाधिकारीयों की बैठक कांग्रेस भवन कोंडागांव मे रखी गयी जिसमे सभी कार्यकर्ताओ पदाधिकारीयों ने अपनी अपनी बातें रखी। नेताओं ने कहा चुनाव हारे हैं। हौसला नहीं आगामी चुनावों मे भाजपा की नीतियों का डटकर मुकाबला करेंगे लोकसभा नगरीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों मे जीत कर आएंगे आगामी चुनावों के परिणाम बेहतर होंगे। बैठक मे पूर्व मंत्री मोहन मरकाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमूकलाल दिवान पीसीसी सदस्य शांतिलाल सुराना पीसीसी सचिव बिरस साहू सकूर खान श्रीमती रमिला मरकाम ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन शंकर मंडावी शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा के साथ शहर ग्रामीण एवं विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारी प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## कुल 258 पशुपालकों को मिला शिविर का लाभ

# पशु प्रजनन शिविर सह जागरूकता कार्यशाला में 100 से ज्यादा बांझ पशुओं का हुआ इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

उन्नत पशुपालन से आर्थिक सुदृढीकरण के उद्देश्य से दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग एवं पशुधन विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वाधान के अंतर्गत आकांक्षी जिला कोण्डागांव के ग्राम माकड़ी में पशु प्रजनन शिविर एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रलय कृषि भवन नई दिल्ली द्वारा पशुधन जागृति अभियान के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव के तहत किया गया है।

पशु बांझपन निवारण शिविर में सौ से ज्यादा पशुओं का विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क उपचार किया गया। जागरूकता कार्यशाला में विशेषज्ञों उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवायें डॉ. शिशिरकांत पाण्डे, वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र नाग, डॉ. सुदरन मरकाम, डॉ. पीएल. ठाकुर, पशुचिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. प्रिया गजभिये एवं सहायक पशुचिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आर. एस. गजेन्द्र, सदानंद सहाना, सीयाराम नेताम, दीपा यादव, बुधमन दीवान, धनसिंग पोयाम, घासुराम मरकाम एवं मोबाईल पशुचिकित्सा इकाई माकड़ी के मुकेश कुमार बघेल द्वारा पशुओं में बांझपन की समस्या से बचने के उपायों एवं उपचार, पशुओं में गर्माने के लक्षण, कृत्रिम गर्भाधान के समय की पहचान, पशु प्रजनन प्रबंधन, गाभिन गाय की देखभाल सहित अन्य जानकारी पशुपालकों को दी गई।



### 258 पशु पालकों को मिला लाभ



जागरूकता कार्यशाला में ग्राम के लगभग 258 पशुपालक लाभान्वित हुये। पशुधन जागृति अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ के 10 आकांक्षी जिलों में पशुप्रजनन शिविरों एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय द्वारा पशुधन विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से किया जा रहा है।

### औषधियां, कृमिनाशक तथा अन्य दवाइयों का हुआ निःशुल्क वितरण

कार्यशाला के अंत में पशुपालकों के साथ विशेषज्ञों के साथ प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। जिसमें पशुपालकों द्वारा अपने पशु से संबंधी जानकारी एवं प्रश्नों का उत्तर दिया गया। इस संबंध में सभी किसानों को पॉम्पलेट उपलब्ध कराये गये। इसके अतिरिक्त मंच से भी पशुपालकों को इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स द्वारा उपलब्ध कराई गई औषधियॉ, मिनरल मिक्सचर, कृमिनाशक तथा अन्य दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ. दिलीप पैंकरा, पशुचिकित्सा सहायक शल्यज्ञ उपस्थित रहे।

# अवैध धान के परिवहन पर की बड़ी कार्रवाई

**फरसगांव।** कोण्डागांव जिले के खाद्य विभाग के द्वारा धान के अवैध परिवहन पर बड़ी कार्यवाही की है, खाद्य विभाग ने ओडिशा राज्य से आ रहे 500 बोरी धान व एक ट्रक को जब्त किया है। जानकारी अनुसार खाद्य निरीक्षक माकड़ी हितेश दास मानिकपुरी को छिनरी चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों के द्वारा सूचना दी गई कि ट्रक क्रमांक सीजी 17 के एम 0215 में 500 बोरी धान



अवैध रूप से ओडिसा राज्य से परिवहन किया जा रहा है, खाद्य निरीक्षक मानिकपुरी द्वारा मौके पर तत्काल पहुंच कर जांच कार्यवाही की गई। पूछताछ में ट्रक के चालक ने अपना नाम मुखचंद पोयम पिता स्वर्गीय चमरू राम पोयम निवासी ग्राम मालागांव का होना बताया गया और उक्त धान को ओडिशा से लेकर माजीसा राइस मिल कोंडागांव लाना बताया गया। धान के परिवहन हेतु किसी प्रकार का दस्तावेज या अनुमति नहीं पाया गया है। विदित है कि खरीफ विपणन वर्ष 2023 -24 में धान उपार्जन अवधि के दौरान सीमावर्ती राज्य से धान का आयात 30/4/2024 तक प्रतिबंधित है। खाद्य निरीक्षक के द्वारा उक्त धान एवं वाहन को जब्त कर पुलिस थाना अनंतपुर की अभिरक्षा में दिया गया है। प्रकरण आगामी कार्यवाही हेतु कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा, संपूर्ण जांच कार्यवाही में खाद्य निरीक्षक माकड़ी हितेश दास मानिकपुरी, ग्राम सचिव रजधर पोयाम एवं ग्राम कोतवाल नवल दास शामिल थे।

# जिले में पहली बार हुआ डॉग शो का भव्य आयोजन

## 53 डॉग हुए अपने मालिकों के साथ हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में पहली बार आयोजित कोण्डागांव डॉग शो के प्रति लोगों में बहुत उत्साह दिखायी दिया। कोण्डागांव नगर में स्थित विकासनगर स्टेडियम में रविवार को संपन्न हुए कार्यक्रम में विभिन्न नस्लों के कुल 53 डॉग शामिल हुए। इस आयोजन में जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, गोल्डन रिट्रीवर, पग, पोमेरेनियन, स्पिट्ज, माल्टीज, बुल मस्टिफ, फ्रेंच मेस्टिफ, बीगल, स्चित्जु, बॉक्सर, सेंट बर्नार्ड, डॉबरमैन, अमेरिकन बुली,साइबेरियन हस्की, रॉट विलर सहित मिक्स ब्रीड व देशी डॉग ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पालिका वर्षा यादव कार्यक्रम के अध्यक्ष उपाध्यक्ष नगर पालिका जसकेतु उसेंडी, कमांडेंट आईटीबीपी 41 बटालियन नरेंदर सिंह, एएसपी कोण्डागांव दौलत राम पोर्ते, असिस्टेंट कमांडेंट वेट डॉ महिपाल सिंह, असिस्टेंट कमांडेंट एमओ डॉ अक्षय राज पुरोहित की उपस्थिति में नगर पालिका, पशुधन विकास विभाग, जेसीआई कोण्डागांव स्टार एवं वी केयर पेट क्लिनिक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था।

■ डॉग शो के सफल आयोजन से पशु प्रेमी नगरवासियों में उत्साह





### बेघर श्वानों पर भी हुआ चिंतन

नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र वाडेकर के आदेशानुसार दिनेश डे, संतोष साहू, कृष्ण पटेल द्वारा आवारा श्वान जन्म नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक कर प्रभावी कार्ययोजना बनाने हेतु जन मानस से सुझाव आमंत्रित किए गए। पशुधन विकास विभाग से डॉ शिशिरकांत पांडे के आदेशानुसार डॉ आरती एवं डॉ रुचिका की टीम द्वारा रेबीज जागरूकता के लिये निःशुल्क रेबीज टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जेसीआई कोण्डागांव स्टार एवं वी केयर पेट क्लिनिक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित डॉग शो में उक्त नस्लों के श्वानो का प्रदर्शन सह प्रतियोगिता कराई गई।

### 8 श्रेणियों में श्रेष्ठ 2 डॉग हुये पुरस्कृत



प्रतियोगिता में 8 श्रेणियों में श्रेष्ठ 2 डॉग को पुरस्कृत कर उनके मध्य पुनः प्रतियोगिता उपरांत कोण्डागांव के श्रेष्ठ डॉग का चयन किया गया। निर्णायक दल के प्रमुख पशुपालन महाविद्यालय के सेवानिवृत प्रोफेसर एवं छत्तीसगढ़ डॉग लवर्स एसोसिएशन के फाउंडर अध्यक्ष डॉ सुशोवन रॉय द्वारा छत्तीसगढ़ का प्रथम डॉग शो 1992 में भिलाई में करवाया गया था,। निर्णायक दल के सदस्य प्रकाश राव, सन्नी तिवारी, के. नूतन प्रसाद द्वारा निर्धारित समय में डॉग शो संपन्न करवाकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। बोरगांव निवासी विवेक गोस्वामी के रॉट विलर डॉग को कोण्डागांव डॉग शो 2023 के श्रेष्ठ डॉग के रूप में पुरस्कृत किया गया।

### पुलिस की ओर से कमांडेड डॉग शो की शानदार प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग कोण्डागांव से एसपी अक्षय कुमार के आदेशानुसार मुकेश जोशी के मार्गदर्शन में राष्ट्र सेवा में समर्पित 4 डॉग पैनी, रॉकी, मन्नू और लियो द्वारा उनके डॉग मास्टर युवराज साहू, नंदलाल भारती, दुष्यंत साहू, सुखाऊ शोरी के निर्देशन में आकर्षक कमांडेड शो प्रस्तुत किया गया। जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए।

# प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 08 प्रकरणों में दी 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 08 प्रकरणों में वारिसों को 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। जिसके अनुसार कोण्डागांव तहसील के हंगवा निवासी रामचंन्द्र सोरी की गुलमोहर वृक्ष गिरने से उसके चपेट में आने से मृत्यु होने पर पिता माहरूराम सोरी, कोण्डागांव तहसील के ग्राम पल्ली निवासी सुकधर नेताम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पत्नी सुनीता नेताम, धनोरा तहसील के ग्राम बाड़ागांव निवासी मंगेश्वरी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पति बिरेन्द्र, कोण्डागांव तहसील के ग्राम केंवटी निवासी रमेश नेताम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर पत्नी रजनी नेताम, कोण्डागांव तहसील के ग्राम तेलंगा निवासी परमेश कोर्राम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर माता आलमती कोर्राम एवं पिता फगनू कोर्राम, धनोरा तहसील के ग्राम कोकोड़ाजुगानार निवासी परमेश सलाम की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पिता सोनसाय सलाम, धनोरा तहसील के ग्राम ईरागांव निवासी सुकली की कुंआ के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर भाई मंगलराम, कोण्डागांव तहसील के ग्राम तेलंगा निवासी जैतराम सोड़ी की नदी के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी नेवरी सोड़ी को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिसमें प्रत्येक प्रकरण में चार–चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।



# 188वीं वाहिनीं बल द्वारा ग्राम सालेभाट में किया गया सिविक एक्शन प्रोग्राम

## छात्रों को बांटी खेल सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




भारत सरकार, गृहमंत्रलय के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सिविक एक्शन प्रोग्राम करने के लिये निर्देशित किया गया है। जिसके तहत भवेश चौधरी, कमाण्डेंट 188 बटा. केरिपुबल के निर्देशन में ओमप्रकाश विश्नोई सहा. कमाण्डेंट जी0/188 समवाय केरिपु बल द्वारा ग्राम पंचायत सालेभाट में आज सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसके दौरान सालेभाट हाईस्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला हरवेल के बच्चों को ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट किट, वॉलीबाल सेट, फुटबाल, कैरमबोर्ड, चेसबोर्ड और स्पोर्ट्स टी–शर्ट, हाफनिकर एवं स्पोर्ट्स शूज का वितरण किया गया।

इस मौके पर ओमप्रकाश विश्नोई सहा. कमाण्डेन्ट188 बटा. केरिपुबल द्वारा आम जनता को यह संदेश दिया गया कि केरिपु बल के जवान आप सभी की सुरक्षा के लिए है। तथा आपकी मदद के लिए हमेशा तत्प रहै। इस कार्यक्रम का उद्देष्य ग्रामीणों और जवानों के बीच भाईचारे का सम्बन्ध स्थापित करना है, जो उम्मीद के मुताबिक पूरा हो रहा है।

### युवाओं को दी भर्ती प्रकिया की जानकारी

साथ ही साथ गांव के युवा छात्रों को बल में भर्ती होने के लिए भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। तथा क्षेत्र के लोगोंमें केरिपु बल के प्रति विष्वास की भावना जागृत हो रही है। सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं गॉव को स्वच्छ रखने की सलाह दी गयी।

### उपस्थित रहे

इस कार्यक्रम में एसडीएम केशकाल शंकरलाल सिन्हा, तहसीलदार आशुतोश शर्मा, और सीईओ रामेश्वर महापात्र, एवं ग्राम पंचायत सालेभाट के सरपंच समलुराम कुंजाम, हाईस्कूल के प्राचार्य पनिश्वर साहू एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक सुखदास कोरेटी एवं शिक्षक गणों के साथ साथ छात्र छात्राएं एवं ग्रामीण महिलाएं, पुरुष, नव युवक तथा समवाय के अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवान उपस्थित रहे।

## सभी विभागों को समन्वय पूर्वक कार्य करने कलेक्टर ने दिये निर्देश

# समय सीमा बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की ली समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभा कक्ष में समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव गांव में पहुंच रहे विकास रथ के साथ ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ देने के लिए सभी विभागों समन्वय पूर्वक कार्य करते हुए सभी को लाभान्वित करने को कहा।

उन्होंने इन कार्यक्रमों में विस्तृत आयोजन कर जनधन खाते खोलने, एनिमिया, टीबी एवं सिकलसेल टेस्टिंग के साथ आये सभी लोगों की स्वास्थ्य जांच करने को कहा। कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को फसल प्रदर्शन, जैविक उवर्रकों, जैविक किटनाशकों की जानकारी देने के साथ उन्नत कृषि की तकनीकों का प्रदर्शन के साथ जैविक खाद एवं उवर्रकों के निर्माण को सजीव प्रदर्शन कृषकों के लिए करने को कहा। पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, पीएम प्रणाम योजना, राशन कार्ड, पीएम आवास योजना, आधार कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, श्रम कार्ड, व्यक्तिगत वनाधिकार, स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाभ दिलाने के निर्देश दिये। कलेक्टर द्वारा इस कार्यक्रम के द्वारा ग्रामीणों को शत प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को अपने मैदानी स्तर के सभी अधिकारियों को कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों को जागरूक कराने के लिए कहा।

### लंबित राजस्व प्रकरणों के जल्द करें निराकरण

कलेक्टर द्वारा जिले संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित राजस्व प्रकरणों के जल्द निराकरण, नेशनल हाईवे निर्माण, नगरीय क्षेत्र में स्वच्छता एवं कचरे के प्रबंधन, धान खरीदी के लिए उपयुक्त व्यवस्था करने के लिए सभी में प्रगति लाने के लिए निर्देश दिये। इस अवसर पर डीएफओ एन गुरूनाथन, जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थि रहे।

# भवन की छत और दीवारों पर उग आए दर्जनों पेड़

## खतरे के बीच काम कर रहे जनपद के कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



जनपद पंचायत बकावंड कार्यालय भवन की छत और दीवारों पर उग आए पेड़ खतरे का आभास करा रहे हैं। कर्मचारियों की जान पर कभी भी आफत आ सकती है। उग आए पेड़ तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। इन पेड़ों की वजह से भवन क्षतिग्रस्त हो रहा है। जनपद पंचायत के उच्च अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं है। पेड़ों की जड़ें दीवारों को छलनी करने लगी हैं। छत और दीवारें कमजोर हो चली हैं। जिससे भवन को नुकसान पहुंच रहा है। इस कारण भवन जर्जर हो रहा है। यहां दर्जनों कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अलावा लगभग 90 ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच, सचिवों और ग्रामीणों की आना जाना बना रहता है। इन पर खतरा मंडराता रहता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसएस मंडावी भी अपने चेंबर में खतरे के बीच फाईलें निपटाते रहते हैं। सीईओ को आगाह भी कर चुके हैं। फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऊपरी मंजिल पर स्थित कमरे में लगे कूलर को भी पेड़ों ने अपनी जद में ले लिया है। भवन के अगले व पिछले हिस्से तथा दांये बांये भाग को भी पेड़ों ने अपनी चपेट में ले लिया है।

## ग्राम माटवाड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का लोगो में दिखा उत्साह



**बीजापुर।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत माटवाड़ा में किया गया। इस दौरान ग्राम के सरपंच चैतूराम लेकाम, चिन्ना राम तेलाम, शिला पुरसा एवं कार्यक्रम संचालक महेश उइके अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान के अनुरूप आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत संकल्प को पूरा करने का शपथ लिया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमारा संकल्प विकसित भारत सन्देश को तन्मयता के साथ श्रवण किया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना इत्यादि की विस्तृत जानकारी जनसाधारण को दी।

# शिकायत लेकर ग्रामीण पहुंचे विधायक के पास

हरिभूमि न्यूज : बकावंड




ग्राम पंचायत तुंगापाल की शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालक ग्रामीणों के हिस्से के राशन को डकार रहा है। बीते 8-9 माह से राशन वितरण में अनियमितता बरती जा रही है। मामले की शिकायत लेकर आज दर्जनों ग्रामीण विधायक लखेश्वर बघेल के पास पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि राशन दुकान संचालक के खिलाफ कड़ी

■ **लखेश्वर बघेल ने कहा होगी कड़ी कार्रवाई**

कार्रवाई कराई जाएगी। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि उनके गांव में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालक उपभोक्ताओं को राशन नहीं दे रहा है। वह हर माह कुछ हितग्राहियों को राशन देकर अन्य हितग्राहियों को राशन से वंचित कर देता है। ग्रामीणों के हिस्से के चावल, शक्कर, गेहूं चना, गुड़ की कालाबाजारी की जाती है। 8-9 माह से ऐसा ही खेल चल रहा है। इसके चलते ग्रामवासी राशन विक्रेता से परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई परिवारों को दो तीन माह का राशन अभी तक नहीं मिला है। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ छल करना निंदनीय है। कांग्रेस सरकार में सभी वर्गो् को लेकर चलने का कार्य किया जा रहा था। अब भाजपा सरकार में रसूख वाले कुछ दुकानदार ग्रामीणों को गुमराह कर रियायती राशन की सुविधा से वंचित कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत तुंगापाल में बीपीएल, एपीएल, अंत्योदय श्रेणी के राशन कार्डधारकों के राशन में की गई हेरा-फेरी को लेकर करीब डेढ़ माह पहले खाद्य नियंत्रक को शिकायत पत्र भेजा जा चुका है। परंतु आज तक शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों के अनुसार दुकानदार पहले भी उपभोक्ताओं के राशन में हेराफेरी कर चुका है। ऐसे में विभाग को इस प्रकार के मामले में गंभीरता दिखाते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि भविष्य में अन्य राशन दुकान संचालकों को भी सीख मिल सके। इस दौरान नीलम कश्यप, रामदास बघेल, हरदास बघेल, सोनसिंह बघेल, कुशेल, प्रदीप, कमलेश, हरि, राजेश, बैसाखू, धनपति, उमाशंकर, धर्मेंद्र समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# वर्चुअल मीटिंग में संभागीय पदाधिकारी के नामों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




छत्तीसगढ़ बंगाली समाज का प्रदेश स्तरीय वर्चुअल मीटिंग प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल, आरंग ब्लॉक अध्यक्ष जुगेश चंद्र दास, महासमुंद जिला अध्यक्ष अजय कुमार विश्वास की उपस्थिति में हुई।

वर्चुअल मीटिंग में सर्वसम्मति से सरगुजा संभागीय अध्यक्ष अजीत समाद्दार तथा दुर्गा संभागीय अध्यक्ष डॉ शिल्पी समाद्दार के नाम की घोषणा की गई। इसके अलावा डॉ. शिल्पी को छत्तीसगढ़ राज्य में बंगाली समाज द्वारा संचालित वर वधु गुरप कुटुंब एप के माध्यम से एवं प्रदेश स्तरीय व्हाट्सएप गुरप संचालित किए जाने की जिम्मेदारी दी गई। निर्णय लिया गया है कि जब तक प्रदेश में ग्राम, ब्लॉक कमेटी का गठन नहीं किया जाता है, तब तक प्रदेश कमेटी निक्रिरय रहेगा। सुकमा जिला अध्यक्ष सुशांतो राय ने कहा है कि सुकमा जिला कमेटी 3 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है नया गठन करने की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम के अंतर्गत जिला कमेटी का पुनर्गठन वर्तमान में नहीं किया जा सकता है।

जिला अध्यक्ष सुकमा जिला कमेटी एवं महासचिव प्रदीप विश्वास को फेरबदल कर नया सूची तैयार करके भेजा जाना है। इस दौरान अशोक कुमार सरकार, संजीत मिस्त्री, समीर हलदर, सर्वजीत दास मौजूद थे।

# अवैध धान परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक कलेक्टर विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में सबसे पहले विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के दौरान मूलभूत सेवाएं प्रदाता प्रकरण जैसे पेन्शन योजना, आयुष्मान कार्ड, राजस्व प्रकरण अंतर्गत बी-1 का वाचन, जाति प्रमाण पत्र प्रदाय को प्राथमिकता देकर पुख्ता निराकरण करें। शासन की मंशानुसार इन योजनाओं को ग्राम पंचायत स्तर पर संतृप्तीकरण करके समाधान किया जाना है। इसी प्रकार आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जो शिविर लगाये जायेंगे। उसके लिए पूर्व से ही लोगों में प्रचार प्रसार करवा कर चिन्हांकित करने, आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने साथ ही इस कार्य हेतु आवश्यक स्टाफ और मैदानी कर्मचारियों को सक्रिय करना सुनिश्चित करें। कुल मिलाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आम जनता को केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के आदि योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने के अलावा सभी हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया जाना मिशन मोड में किये जायेंगे। कलेक्टर ने इसके साथ ही कार्यक्रम के आयोजन स्थल में आम नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम स्थल में उज्ज्वला योजना अंतर्गत घरेलू गैस सिलेंडर प्रदान करने तथा आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत स्मार्ट कार्ड बनाने तथा शासन की अन्य योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने हेतु आवेदन भराने की व्यवस्था करने को कहा। इसके लिए उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को रसोई गैस का वितरण भी कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को नियत समय पर ऑफिस आना सुनिश्चित करें, अगर कोई भी कर्मचारियों समय पर नहीं आता है तो उसके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं



कलेक्टर विनीत नंदनवार ने आज कलेक्टेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की फरियादे सुनी। जिले के ग्रामीणों जन एवं आम नागारिकों द्वारा जनदर्शन में अपनी छोटी या बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करते है। कलेक्टर नंदनवार ने आवेदन पर विचार कर संबंधित विभाग प्रमुख को समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर नंदनवार की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय की सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही असली मकसद: संयुक्त सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दन्तेवाड़ा



भारत को विकसित राष्ट्रीय श्रेणी में अग्रणी पंक्ति में लाने के लिए प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आज जिले के ग्राम बड़ेसुरोखी, गढ़मिरी, बड़ेलखापाल में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया था। इसमें ग्राम बड़े सुरोखी में संयुक्त सचिव भारत सरकार विनय कुमार शामिल हुए।

मुख्य अतिथि के आसंदी से उपस्थित ग्रामीणों को केन्द्रीय और राज्य सरकार की समस्त कल्याणकारी योजनाओं में सहभागिता का आह्वान करते हुए, उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा का एक मकसद है, अंतिम बेसहारा व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना। हम इस उद्देश्य से संकल्प शिविर का आयोजन कर रहे है कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति लाभ लेने से वंचित ना हो। फिर वहां चाहे पेंशन योजना हो, आवास योजना हो या फिर उज्जवला योजना और इसमें आप का सहयोग सर्वाधिक जरूरी है। अतः जो जानकार नहीं है, ऐसे व्यक्ति को योजनाओं से जोड़े, अगर पात्र व्यक्ति उससे लाभान्वित होता है तो यह एक संकल्प पूरा होने के समान है और बेरोजगारी और तंगहाली से मुक्ति होती है। अभी हम विकासशील देश की श्रेणी में है और इस अमृत काल में हमारा महत्वाकांक्षी लक्ष्य यह है कि 2047 तक हम विकसित राष्ट्रों के श्रेणी में आये ताकि आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्वल हो।

इस अवसर पर कलेक्टर विनीत नंदनवार ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए यह जरूरी है एक नागरिक के तौर पर हम स्वयं विकसित करें। समाज स्वयं विकसित हो जाएगा। उन्होंने केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डाला। मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष अंति वेक ने भी ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे राज्य और केन्द्र की जनहित योजनाओं में अपनी भागीदारी दर्शाये ताकि क्षेत्र का विकास हो।

### अनुभवों को किया साझा

कार्यक्रम में बड़े सुरोखी निवासी जागेश्वरी कड़ती, दिशा कोर्रसा और सुधीर नाग प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर मालिक बनने, भगवती यादव और बैशाखु यादव ने आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क उपचार, बसंती यादव और ललिता यादव ने उज्जवला योजना तथा मनीराम उज्जी ने पीएम किसान निधि के तहत लाभान्वित होने का ब्यौरा दिया। कार्यक्रम के अंत में आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड और उज्जवला योजना के हितग्राही को इन योजनाओं से लाभान्वित किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित जनसमूह से विकसित भारत निर्माण का प्रण भी दिलाया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू सहित जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण उपस्थित थे।

## केंद्रीय योजनाओं का लाभ हर जरूरत मंद तक पहुंचे योजना का उद्देश्य



**भोण्ड।** विकसित भारत संकल्प यात्रा विकासखंड बस्तर के ग्राम पंचायत आडवाल, भाटपाल में शुभारंभ कार्यक्रम मे जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप शामिल हुए जहां उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जनों को संबंध करते हुए मनीराम कश्यप ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरत मंद तक पहुंचाना हम सभी का उद्देश्य है। ज्यादा से ज्यादा ज्यादा लोगों को लाभ दिलाना उन्होंने। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह मंशा है कि हम विकसित भारत की ओर अग्रसर हो सके। उन्होंने इस दौरान ग्राम पंचायत में संचालित केंद्रीय योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। जनपद प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्वला योजना,पशुधन विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग की शिविर का स्टॉल लगाया गया। इस शिविर में अधिक संख्या में हितग्राहियों ने पहुँचकर विभिन्न योजनाओ का लाभ के बारे में न केवल जानकारी ली बल्कि अपना पंजीयन भी करवाया। कार्यक्रम में ग्रामीण जनों को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान,जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, महामंत्री नरेन्द्र जोशी, तुलाराम कश्यप, सरपंच रयो कश्यप सूर जयंती नेताम, जनपद पंचायत सीईओ भानु प्रताप चुरेंद्र बीईओ अरुण देवांगन, बीआरसी राजेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. सांडिल्य, मीणा सहित बड़ी सँख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# माहरा समाज के जिलाध्यक्ष बने फूलसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



संयुक्त महरा,माहरा आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ की बैठक ग्राम करलाकोंटा बस्तर में रविवार को हुई। जिसमें पूर्व कार्यकारिणी समिति को भंग करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बस्तर संभाग के सभी जिलों के नए पदाधिकारी की नियुक्ति की गई एवं महार, माहरा आदिवासी समाज की अपनी मूल पहचान को पुनः प्राप्त करने के लिए संगठनात्मक कार्य को आगे बढ़ाने हेतु तन-मन-धन से सहयोग का संकल्प लिया गया। सभी नए पदाधिकारी ने अपनी मूल आदिवासी पहचान को पुनः प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास व अथक कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखनलाल मसराम, संगठन मंत्री विजय सहारे, प्रांतीय उपाध्यक्ष बीआर बघेल, महासचिव टोप सिंह नूतन, मानिक राम जनेंद्र, कोषाध्यक्ष नरेश कौशल की उपस्थिति में नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष फूल सिंह बघेल, सचिव अस्तु बघेल, उपाध्यक्ष रामविलास, उपाध्यक्ष लच्छु नाग, कोषाध्यक्ष सोनसाय कश्यप, संगठन मंत्री हकचंद कश्यप को बनाया गया।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन
पर्सनल लोन
होम लोन
कार लोन
मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

# बाल कहानी रुनझुन मेमना का 14 भाषा में अनुवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर जिले के ग्राम पंचायत चेरपाल के राजीव गांधी शिक्षा मिशन-समग्र शिक्षा के सानिध्य में संचालित आदर्श गुरुकुल बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन चेरपाल में पदस्थ युवा कहानीकार अनुदेशक पार्ट टाइम टीचर रितेश कुमार सेमल का यूएसएआईडी समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, रूम टू रीड इंडिया द्वारा चयनित कहानी रूनझुन मेमना को प्रकाशित कर एशिया की प्रथम इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ के बाल साहित्य सेमीनार में प्रदर्शित किया गया।

युवा साहित्यकार रितेश कुमार सेमल का समग्र शिक्षा छतीसगढ़ शासन व रूम टू रीड इंडिया द्वारा रुनझुन मेमना कहानी को चौदह भाषाओं में अनुवाद कराया गया है। निकट भविष्य में छत्तीसगढ़ के सभी प्राथमिक शालाओं में यह कहानी भेजी जाएगी। रितेश कुमार सेमल की बाल कहानियां बच्चों के अधिगम क्षमता में आत्मविश्वास व कल्पनाशीलता बढ़ाती है। इस कहानी के चित्रों को चित्रकार शुभम लखेरा मध्य प्रदेश के शहर चंदेरी ने बनाया है। इस राज्य स्तरीय सेमीनार का मुख्य विषय बाल साहित्य में दृश्य चित्रों का महत्व था। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के मुख्य सभागार में इसका आयोजन हुआ। विश्व विद्यालय के कुलपति पद्मश्री डॉ मोक्षता चन्द्राकर, विश्व विद्यालय रजिस्ट्रार प्रोफेसर नीता गहरवाल, समग्र शिक्षा से एम सुधीश, किलोल संपादन समूह के सदस्य टीसी जायसवाल, विश्व विद्यालय कला संकाय के प्रोफेसर राजन यादव, एससीईआरटी से डेकेश्वर वर्मा, यूएसएआईडी से शिखा जैन मुख्य रूप से उपस्थित थे।



न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र. 202307152200010/158

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लखमी निषाद पति स्व. धरमू निषाद जाति केवट ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पति स्व. धरमू s/o वासुदेव निवासी ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पति स्व. धरमू ग्राम करपावण्ड का दिनांक 24/06/2008 को मृत्यु हुई है आवेदक लखमी निषाद पति स्व. धरमू निषाद जाति केवट ग्राम करपावण्ड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक पति स्व. धरमू के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 19/12/2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 11/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## जिला अधिवक्ता संघ चुनाव आज, अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 20 दिसंबर को मतदान होगा। संघ अध्यक्ष के लिए सपन कुमार देवांगन, अरुण कुमार दास और राकेश दास तीनों प्रत्याशी के बीच कड़े मुकाबले की स्थिति बनी हुई है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए तीन तो कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए दो सदस्य जबकि ग्रंथपाल, क्रीड़ा सचिव, सह सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए भी निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। 20 दिसंबर को मतदान एवं मतदान समय 11 बजे से 4.00 तक और उसके बाद मतगणना उपरांत उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। अधिवक्ता संघ चुनाव में मतदाताओं की संख्या 391 से अधिक मतदाता है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हो रहे ग्रामीण

# प्रचार वाहन पहुंचा हाट-बाजार और पंचायतों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्र सरकार की योजनाओं से सम्बंधित प्रचार वाहन मोदी की गारंटी की गाड़ी मंगलवार को जिले के वनांचल इलाके के हाट-बाजार एवं ग्राम पंचायतों में पहुंची तो ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। जहां

■ पुसपाल में कलेक्टर सहित जिला प्रशासन के अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि हुए सम्मिलित



बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। ग्राम पंचायत पुसपाल में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में कलेक्टर विजय दयाराम के. सहित सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही पंचायत पदाधिकारी तथा हजारों की संख्या में ग्रामीण सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने कार्यक्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक, ग्रामीण बैंक के द्वारा स्टॉल का अवलोकन कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के निर्देश अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। इस मौके पर उपस्थित हजारों लोगों ने आईईसी एलईडी वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प सन्देश को तन्मयता से श्रवण किया। संकल्प यात्रा स्थल में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। पुसपाल में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से अवगत कराना है और इन योजनाओं से सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करना है। इस दिशा में अब तक योजनाओं से छूटे हुए पात्र जरूरतमन्द व्यक्तियों को चिन्हित कर शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। कलेक्टर ने ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने के साथ ही अन्य लोगों को योजनाओं की जानकारी देने कहा। वहीं योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों को मेरी कहानी-मेरी जुबानी के अंतर्गत अपनी कहानी एवं अनुभव साझा करने कहा, जिससे अन्य पात्र लोगों को योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरणा मिल सके। इस मौके पर कलेक्टर ने सभी लोगों को प्रधानमंत्री के मंशानुरूप वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प का शपथ दिलवाया। इस अवसर पर एसडीएम भरत कौशिक तथा अधिकारी, पंचायत पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रामीण महिलाओं ने खिंचवाई सेल्फी

पुसपाल में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने आए ग्रामीण महिलाओं ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए उत्साह से सेल्फी खिंचवाई। इस दौरान समीप में बाजार होने के चलते दैनिक उपयोगी सामग्री खरीदी करते फूलमती, कंवलबत्ती ग्रामीण महिलाओं तथा बुजुर्ग राजदेव एवं मिठूराम ने सेल्फी खिंचवाई।

## चुनौतीपूर्ण ट्रैक में रोमांच का अनुभव ट्रेकर को मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

यूथ हॉस्टल्स की बस्तर इकाई द्वारा मांझीपाल ट्रैक का रविवार को आयोजन किया गया। जिसमें 17 लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया था। 3 अतिथि रायपुर से 2 यूपी से और 1 झारखंड से थे। यह ट्रैक सुबह 6.30 बजे जगदलपुर से शुरु किया गया और 8 बजे तक सभी ट्रेकर दरभा ब्लॉक के मांझीपाल ग्राम के होमस्टे आमचो लाड़ी जो जगदलपुर से 38 किमी पर स्थित है पहुंचे। होमस्टे पर चाय नाश्ता के बाद 10 बजे ट्रैक की शुरुवात की गई। यह 3 किमी का ट्रैक चुनौतीपूर्ण रहा। पूरे रास्ते में तीन बार नदियां पार करके पहाड़ों पर चढ़ते हुए छुपे हुए झरने तक पहुंचे। प्रतिभागियों के लिए यह पहला ट्रैक था। कांगेर घाटी में सभी ट्रेकर को जाने और आने में 5 घंटे लगे। उसके पश्चात होमस्टे में ही सभी ने दोपहर का भोजन करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। इस ट्रैक में 5 नए मेंबर बने। यह जानकारी यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी मनीष मूलचंदानी ने दी।

## ग्रामीणों का उपचार कर दी गई दवाइयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर विकासखंड के आड़ाबाल, भाटपाल ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का उपचार कर दवाईयां दी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ गांव में पहुंचा। इस दौरान शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान योजना में 5 लाख तक का फ्री ईलाज होने की जानकारी लोगों को दी और आयुष्मान कार्ड हर व्यक्ति को बनाने की जरूरत बताई। इस मौके पर चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## कलेक्टर ने किया आडिटोरियम का निरीक्षण

जगदलपुर। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने मंगलवार को काकतीय पीजी कॉलेज परिसर के समीप निर्माणाधीन 700 सीटर आडिटोरियम का निरीक्षण कर उक्त कार्य को आगामी मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। वहीं परिसर के प्रवेश और निकासी द्वार बनाने के दौरान पेड़ो को बचाकर विकास कार्य करने, पेयजल, परिसर की लाइटिंग व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आसपास साफ-सफाई सुनिश्चित करने कहा। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एके सिंह तथा लोक निर्माण विभाग के अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।



## फेल ट्रांसफॉर्मर हटाकर लगाया नया ट्रांसफॉर्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के शांतिनगर दीन दयाल हाऊसिंग बोर्ड का फेल ट्रांसफॉर्मर का बदल कर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने के लिए दोपहर 12 से 2 बजे तक

■ जम्फर कटने से बंद रही बिजली, उपभोक्ता रहे परेशान

बिजली बंद रही। इससे शांति नगर के दीन दयाल हाऊसिंग बोर्ड, गणेश मंदिर एवं आसपास क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित रहे। उसके बाद 11 केव्ही टाउन फीडर तीन में जम्फर कटने से सुधारा गया, इसमें विद्युत कर्मचारी जुटे रहे। बंद बिजली बहाल होने से उपभोक्ताओं को राहत मिली। जगदलपुर जोन के



सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर एवं कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर कर्मचारी स्थल पर पहुंच कर बिजली लाईन को सुधारा, जिससे उपभोक्ताओं परेशानी नहीं हो सके।

## लालबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में समस्या का अंबार, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी लालबाग में समस्याओं को लेकर वार्डवासियों ने महापौर, आयुक्त व सभापति को ज्ञापन सौंपा। वार्डवासियों ने कहा कि जब से नगर पालिक निगम द्वारा कॉलोनी को अधिग्रहण लिया गया है एच.आई.जी एवं एम.आई.जी के निवासियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी में साफ-सफाई नहीं किया जा रहा है। कुड़ा कचरा निगम द्वारा दो माह अथवा तीन महीने में सूचना देने पर सफाई किया जाता है। इसी प्रकार



नाली की सफाई महीनों से नहीं हुआ है। वहीं स्ट्रीट लाईट नहीं जलने से कॉलोनी के प्रमुख मार्ग अंधेरे में रहता है। कॉलोनी में नल खोलने वाले व्यक्ति का समय निर्धारित नहीं है। इस दौरान वार्डवासियों ने हस्ताक्षरयुक्त मांग पत्र सौंपते समस्या का निराकरण की गुजारिश की है।

## ग्रामीणों को दे रहे आयुष्मान कार्ड...




जगदलपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा में बस्तर जिले के गांव-गांव में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी पहुंच कर ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरण कर रहे। हॉल ही में जिले के सीएमएचओ डॉ. आरके चतुर्वेदी अपनी अधीनस्थ अधिकारियों के साथ पहंच रहे हैं।

## विधायक से मिले नर्सिंग महाविद्यालय की शिक्षिकाएं...



जगदलपुर। भाजपा विधायक किरण देव की जीत पर शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की अध्यापिकाएं उनके आवास पहुंच उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने नर्सिंग विभाग के विद्यार्थियों के विकास और उन्नति की कामना की।

## बाजार से प्लांट तक बन रही सड़क, गुणवत्ता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लंबे समय से की जा रही मांग के बाद आखिरकार एनएमडीसी नगरनार प्रशासन ने सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है। बाजार स्थल से स्टील प्लांट जाने वाले इस मार्ग की हालत लंबे समय से खस्ता हाल रही जिसके चलते इस मार्ग के दुकानदार और रहवासियों को काफी परेशानी होती थी। विशेषकर बारिश में गड्ढों और कीचड़ के कारण लोगों को आने जाने में भारी परेशानी होती थी।



लोगों ने बताया कि सड़क का काम तो शुरू हो गया है लेकिन ठेकेदार और एनएमडीसी के अधिकारियों को इसकी गुणवत्ता पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि प्लांट में हमेशा भारी वाहनों का आना जाना रहता है। यदि सड़क मजबूत नहीं होगा तो फिर से उखड़कर गड्ढों में बदल जाएगा। ग्रामवासियों की मांग है कि राशि का सदुपयोग होना चाहिए। ठेकेदार से यह अनुबंध होना चाहिए कि वह मजबूत सड़क बनाएं ताकि लंबे समय तक इसकी गुणवत्ता बनी रहे।

### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

## लंबित राजस्व प्रकरणों की संख्या में करें कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि अधिक समय से लंबित राजस्व प्रकरणों की संख्या में कटौती करें। इसके लिए राजस्व अधिकारी निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार निराकरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही आरबीसी 6-4 के प्रकरण में तत्काल कार्यवाही कर संबंधितों को राहत देने के कार्य करें। उक्त निर्देश कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए।

कलेक्टर ने राजस्व के दर्ज, निराकृत और लंबित प्रकरणों की



समीक्षा के साथ ही तहसील वार अविवादित नामांतरण, लंबित अविवादित नामांतरण, न्यायलय में लंबित विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, लंबित अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन के लंबित प्रकरणों, भूमि त्रुटि सुधार के कार्य, भूमि बंटन, अनुचित रूप से बेदखल किए गए भूमि स्वामी का पुनर्स्थापना, शासकीय भूमि का अतिक्रमण को रोकने और जुर्माना वसूली, संहिता की धारा 107,16(3)151 दांडिक प्रकरणों का निराकरण, असीमांकित क्षेत्र की सर्वेक्षण, नक्शा नवीनीकरण और ऑन लाइन भुइयां पोर्टल में अपडेशन जैसे मामलों पर विस्तृत चर्चाकर समीक्षा की।

कलेक्टर विजय ने शीर्ष बी-121 के राजस्व वर्ष के मामलों का प्रारूप पर चर्चा कर ऑनलाइन निराकरण करवाने की कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही आरबीसी 6-4 के तहत जनहानि, पशुक्षति, फसलक्षति और मकान क्षति के प्रकरण के निराकरण हेतु बजट और आबंटन की स्थिति की संज्ञान लिया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को अपने अनुभाग और तहसील क्षेत्र में धान खरीदी कार्य का सतत निरक्षण के निर्देश दिए। खरीदी केंद्रों के निरीक्षण में छोटे और सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने और 70-30 प्रतिशत के आधार पर छोटे व बड़े किसानों का टोकन काटने की व्यवस्था को सुदृढ़ करवाने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, संयुक्त कलेक्टर, सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे।



